दे दो अपनी नौकरी मैया जी

दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार,
बस इतनी तन्खा देना, बस इतनी तन्खा देना,
मेरा सुखी रहे परिवार..
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

तेरे काबिल नही है मैया फिर भी काम चला लेना,
जैसे है हम तेरे है माँ गुण अवगुण बिसरा देना,
जो तेरी कृपा होगी, जो तेरी कृपा होगी,
मेरा बना रहे घर बार...
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

तुम तो जगत की जननी हो माँ मेरी क्या औकात है,
तेरी सेवा मिल जाए माँ ये किस्मत की बात है,
मानूगी तेरा कहना मैं मानूगी तेरा कहना,
ये करती हूँ इकरार...
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

थोड़ी सी माया देकर के हमको ना तुम बहलाओ जी,
आज खड़ी हूँ सामने तेरे कोई हुकुम सुनाओ जी,
हाथ जोड़ कर बैठी मैं, हाथ जोड़ कर बैठी मैं,
शीश झुकाऊँ दिन रात..
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

अपने आँचल से मैं निश दिन तेरा भवन भुहारुगी,
फूलो और कलिओ का तुझको माँ हार पहनाऊँगी,
तन मन तुझ पे मैया जी, तन मन तुझ पे मैया जी,
मैं कर दूगी न्योछार..
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार,
बस इतनी तन्खा देना, बस इतनी तन्खा देना,
मेरा सुखी रहे परिवार..
दे दो अपनी नौकरी मैया जी एक बार॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25186/title/de-do-apni-naukri-mayia-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |